


सांध्य दैनिक

# 4PM



सवाल ये नहीं है कि कितना सीखा जा सकता है, इसके उलट , सवाल ये है कि कितना भुलाया जा सकता है।
-ओशो

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 256 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022



गुजरात में भाजपा को घेरेंगे... 7 | निकाय चुनाव में मजबूती से उतरने... 3 | यूपी के कानून व्यवस्था में हुआ... 2


# कानून व्यवस्था राज्यों की जिम्मेदारी जांच एजेंसियों का करें सहयोग : मोदी

- » टेक्नोलॉजी से कानून को बनाया जा सकता है स्मार्ट
- » भ्रष्टाचार, आतंकवाद के खिलाफ दिखाई है सख्ती
- » गृहमंत्रियों के चिंतन शिविर को पीएम ने किया संबोधित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर को आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि कानून और व्यवस्था राज्यों की जिम्मेदारी है लेकिन ये राष्ट्र की एकता और अखंडता से भी जुड़े हुए हैं। कई बार केंद्रीय एजेंसियों को कई राज्यों में एक साथ जांच करनी पड़ती है, दूसरे देशों में भी जाना पड़ता है इसलिए हर राज्य का दायित्व है कि चाहे राज्य की एजेंसी हो, चाहे केंद्र की एजेंसी हो, सभी एजेंसियों को एक-दूसरे को पूरा सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजादी का अमृतकाल हमारे सामने हैं। आने वाले 25 वर्ष देश में एक अमृत पीढ़ी के निर्माण के हैं। ये अमृत पीढ़ी पंच प्राणों के संकल्पों को धारण करके निर्मित होगी। विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य, इन पंच प्राणों का महत्व आप सभी भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। ये एक विराट संकल्प है, जिसको सिर्फ और सिर्फ सबके प्रयास से ही सिद्ध किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश की बेहतरी के लिए काम करना संविधान की भी भावना है और देशवासियों के प्रति हमारा दायित्व है। जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक, हर परिवार का सामर्थ्य बढ़ेगा। यही तो सुशासन है, जिसका लाभ देश के हर राज्य को समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसमें आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम हो या फिर ड्रोन टेक्नोलॉजी का हथियारों और ड्रग्स तस्करी में उपयोग, इनके लिए हमें नई टेक्नोलॉजी पर काम करते रहना होगा। स्मार्ट टेक्नोलॉजी से कानून व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भारत सरकार के स्तर पर कानून व्यवस्था से जुड़े सुधार हुए हैं, जिसने पूरे देश में शांति का वातावरण बनाने का काम किया है। बीते वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों ने भी देश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। आतंकवाद हो, हवाला नेटवर्क हो, भ्रष्टाचार हो, इस पर देश ने अभूतपूर्व शक्ति दिखाई है। लोगों में विश्वास पनपने लगा है।

## देश विरोधी ताकतों के खिलाफ करेंगे सख्त कार्रवाई

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें देश विरोधी ताकतों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखना, 24 घंटे वाला काम है लेकिन किसी भी काम में ये भी आवश्यक है कि हम निरंतर प्रक्रियाओं में सुधार करते चलें, उन्हें आधुनिक बनाते चलें।



## एनडीआरएफ के लिए सम्मान

मोदी ने कहा कि आज एनडीआरएफ के लिए देशवासियों के मन में काफी सम्मान है। आपदा के समय जैसे ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंचती है, वैसे ही लोगों को संतोष होने लगता है कि अब एक्सपर्ट पहुंच गए हैं, अब ये अपना काम कर लेंगे। उन्होंने कहा कि अपराध वाली किसी भी जगह पर जैसे ही पुलिस पहुंचती है, लोगों में ये भाव आता है कि सरकार पहुंच गई। कोरोना काल में भी हमने देखा कि किस तरह पुलिस की साख बेहतर हुई थी।


## एक-दूसरे से सीख सकते हैं राज्य

पीएम ने कहा कि सूरजकुंड में गृह मंत्रियों का यह चिंतन शिविर सहकारी संघवाद का एक बेहतर उदाहरण है। राज्य एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक-दूसरे से प्रेरणा ले सकते हैं और देश की बेहतरी के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। यह संविधान की भावना है और हमारे नागरिकों के प्रति हमारा कर्तव्य है।

# पूर्व कांग्रेसी विधायक जोगिंदर पाल के घर आयकर का छापा

- » संपत्ति को लेकर आयकर विभाग के रडार पर थे पाल, करीबियों के यहां भी दबिश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



चड़ीगढ़। पठानकोट के हल्का भोआ से पूर्व कांग्रेसी विधायक जोगिंदर पाल के घर, फार्म हाउस और क्रशर पर आज आयकर की टीम ने दबिश दी। पूर्व विधायक जोगिंदर पाल के कई नजदीकियों के घरों में भी आयकर की छापेमारी जारी है।

पूर्व विधायक जोगिंदर पाल अपने कार्यकाल दौरान अक्सर सुर्खियों में रहते थे। अपने कार्यकाल के दौरान जमा की गई आय और उसके सोर्सेस को लेकर पिछले लंबे समय से आयकर विभाग की निगाह पूर्व विधायक पर थी। इसी के चलते आज जोगिंदर पाल के घर सुजानपुर में आयकर कीर टीम ने दबिश दी। इसके अलावा उनके क्रशर, फार्म हाउस पर भी टीम पहुंची है। पठानकोट जिले में उनके कई नजदीकी लोगों पर भी टीम ने छापामारी की है।

## नोट पर तस्वीर की सियासत जारी

# केजरीवाल बोले, करेंसी में तुरंत छापी जाए लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर

- » प्रधानमंत्री को लिखा खत पूछा, देश में इतने गरीब क्यों

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। गुजरात में अगले तीन दिन तक प्रचार करने जा रहे दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अब पीएम मोदी को पत्र लिखकर नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर तुरंत लगाने की मांग की है। केजरीवाल का दावा है कि उनकी मांग से सभी सहमत हैं और सभी चाहते हैं कि इसे तुरंत लागू किया जाए।

केजरीवाल ने नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर की मांग को 130 करोड़ लोगों की इच्छा बताते हुए पीएम से सवाल किया कि आज भी देश में इतने लोग गरीब क्यों हैं। केजरीवाल ने कहा, देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक तरफ गांधी जी और दूसरी तरफ गणेश-लक्ष्मी की तस्वीर होनी चाहिए। आज देश की अर्थव्यवस्था बहुत बुरे दौर से गुजर रही है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी भारत विकासशील और गरीब देशों में गिना जाता है। हमारे देश में आज भी इतने लोग गरीब हैं। क्यों? एक तरफ हम सब को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है तो दूसरी ओर हमें भगवान का आशीर्वाद भी चाहिए ताकि हमारे प्रयास फलीभूत हों।

## खराब दौर से गुजर रही अर्थव्यवस्था

# यूपी के कानून व्यवस्था में हुआ सुधार : सीएम योगी

## » मुख्यमंत्री ने बताई कानून व्यवस्था के यूपी माडल की विशेषताएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा के सूरजकुंड में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के यूपी मॉडल के बारे में अन्य राज्य के मुख्यमंत्रियों को बताया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में चार मुख्य बिंदुओं पर कार्य किया गया है। पहला भर्ती और प्रशिक्षण, दूसरा पुलिस का आधुनिकीकरण, तीसरा अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि और चौथा चुनौतियों को देखते हुए गृह मंत्रालय से सामंजस्य। इससे कानून व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ रखने में सफलता मिली है।**

गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में पुलिस के लिए अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि, पुलिस रिफॉर्म और पुलिस बल को तकनीकी से जोड़ने के अच्छे नतीजे आए हैं। इससे प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनाई गई नीति के बारे में कहा कि प्रदेश में वर्तमान में संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। ऐसे अपराधी जेल में हैं या पुलिस मुठभेड़ में उनकी मौत



हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और अन्य अपराधियों की 44 अरब 59 करोड़ रुपए की संपत्ति का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया गया है। माफिया और अपराधियों की अवैध संपत्ति का जब्तीकरण कर उन पर बालिकाओं के लिए कॉलेज और निर्बल वर्ग के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। इससे समाज में बेहतर संदेश गया है। उन्होंने कहा कि चिह्नित माफिया के 18 मुकदमों में पैरवी कर 11 माफिया और उनके 28 सह अपराधियों को आजीवन कारावास या कठोर कारावास की सजा कराई गई है।

### मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं में सुरक्षा की भावना जागृत

सीएम योगी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस की व्यापक कार्यवाही से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की प्रबल भावना जागृत हुई है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला है।

### योगी मॉडल सोशल मीडिया पर सुपर हिट

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर योगी मॉडल देशभर में सुपर हिट हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधों के खिलाफ जो जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है उसे विभिन्न मंचों पर सराहना और मान्यता मिल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को ट्विटर पर #YogiModelAgainstCrime टॉप पर पहुंच गया। ट्विटर की ट्रेंडिंग लिस्ट में देर शाम 6.30 बजे तक #YogiModelAgainstCrime 14.8 हजार ट्वीट्स के साथ नंबर 1 पर चलने लगा। देर रात तक लोग लगातार इस हैशटैग पर ट्वीट करते रहे, जिससे काफी समय तक यह हैशटैग टॉप पर बरकरार रहा।

# हर गांव में होगी आरएसएस की शाखा

## » शताब्दी वर्ष समारोह से पहले ही संघ ने तैयार किया खाका



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष समारोह (2025) से पहले हर गांव में शाखा लगेगी। इसका खाका संघ ने तैयार कर लिया है। यह जानकारी आरएसएस के प्रांत संघचालक डॉ. पृथ्वीराज सिंह, प्रांत सह संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल और प्रांत संपर्क प्रमुख प्रो संजीत गुप्ता ने गोरखपुर में प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।**

पदाधिकारियों ने कहा कि अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक प्रयागराज में 16 से 19 अक्टूबर के बीच हुई थी। बैठक में जो कुछ तय हुआ था, उसकी जानकारी गोरक्ष प्रांत के स्वयंसेवकों को दी गई है। स्वयंसेवक अब घर-घर दस्तक देकर जनसंख्या असंतुलन से होने वाले नुकसान की जानकारी देंगे। आबादी को नियंत्रित करने के लिए जनसमर्थन भी जुटाएंगे। सबसे बड़ी चिंता जनसंख्या असंतुलन है। असम, केरल, पश्चिम बंगाल में ज्यादा खतरनाक स्थिति है। उत्तराखंड व हरियणा में भी जनसंख्या असंतुलन बढ़ रहा है। आरएसएस के पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। कहा कि संघ का नाम लेकर राहुल वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। वह वर्ग विशेष को साधने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि संघ की जड़ें कितनी मजबूत हैं।

# मंत्री रहते भी आजम खां पर दर्ज हुए थे केस

## » 2017 में सिर्फ एक और 2022 तक 93 मुकदमे लाद दिए गए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक और पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां अपने तीखे भाषणों में लम्बे समय से चर्चा में हैं। लोकसभा में भी मर्यादा लांघने वाले आजम खां के खिलाफ उत्तर प्रदेश की अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहते 2017 में पहला केस दर्ज किया गया है। वह केस भी भड़काऊ भाषण का ही था। इसके बाद तो इनके खिलाफ मुकदमों की लाइन ही लगती गई।**

आजम खां के खिलाफ कुल 93 केस दर्ज हैं और एक में गुरुवार को उनको सजा सुनाई गई है, जिससे कि उनकी विधानसभा की सदस्यता तक जाने का खतरा हो गया है। बता दें कि अखिलेश यादव सरकार में संसदीय कार्य, नगर विकास तथा



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और उत्तर प्रदेश जल निगम के अध्यक्ष रहे आजम खां पर वर्ष 2017 में सिर्फ एक ही केस दर्ज था। चुनावी हलफनामें के अनुसार उनके खिलाफ 80 केस दर्ज थे। चुनाव प्रचार के दौरान कई केस दर्ज हुए जिसको मिलाकर अकेले आजम खां के खिलाफ कुल 89 केस थे। अगस्त 2022 में और केस दर्ज हुआ। अब उनके खिलाफ कुल 93 केस चल रहे हैं।

# किसी भी व्यक्ति को भावनाएं भड़काने का अधिकार नहीं : बृजेश पाठक

## » आजम खां मामले में बोले कुछ लोग सबक लेंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। हेट स्पीच के मामले में सपा विधायक आजम खां को तीन साल की सजा सुनाए जाने के कोर्ट के फैसले का उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच देने वाले लोग इस निर्णय से कुछ सबक लेंगे। क्योंकि कुछ लोगों का काम ही सिर्फ द्वेष फैलाना है। आजम खान जैसे लोग इस अनर्गल भाषा का उपयोग संभ्रांतजनों के खिलाफ नहीं कर पाएंगे। ऐसे लोग कई बार कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाते हैं और दंगा भड़काने का प्रयास करते हैं।**

न्यायालय ने जो आदेश जारी किया



है, इसका इंतजार प्रदेश की जनता काफी समय से कर रही थी। किसी भी व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की भावनाएं भड़काने का अधिकार नहीं है। बता दें कि भड़काऊ भाषण मामले में रामपुर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम/विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए निशांत मान ने सपा महासचिव व शहर विधायक आजम खां को गुरुवार को तीन साल कैद व छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर एक माह अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। 93 मुकदमों में फंसे आजम को यह पहली सजा है। सजा सुनाने के कुछ देर बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। जानकार बताते हैं कि मौजूदा सजा से उनकी विधायक बने रहने पर भी खतरा मडरा रहा है। भड़काऊ भाषण मामले में नौ अप्रैल, 2019 को संसदीय चुनाव में वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी अनिल कुमार चौहान ने मिलक कोतवाली में आजम खां के खिलाफ प्राथमिकी पंजीकृत कराई गई थी।

बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी




# रुतबा दिखाने के लिए पूर्व सांसद का बेटा सिपाही लेकर पहुंचा था शादी में, एसएसपी ने बैठाई जांच

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**मेरठ। पूर्व सांसद शाहिद अखलाक का बेटा साकिब अखलाक रुतबा दिखाने के लिए एक पुलिसकर्मी को साथ लेकर दिल्ली अपनी ससुराल में शादी समारोह में पहुंच गया। वीडियो वायरल हुआ तो अधिकारियों ने संज्ञान लिया कि आखिर यह पुलिसकर्मी कैसे साकिब के साथ शादी कार्यक्रम में पहुंचा है।**

एसएसपी ने पूरे मामले का संज्ञान ले लिया और एसपी सिटी को जांच दी है। इस मामले में सीओ कोतवाली पर कार्रवाई हो सकती है। पुलिस के मुताबिक साकिब की ससुराल में दिल्ली में बुधवार को शादी का कायक्रम था। कार्यक्रम दिल्ली स्थित लीला होटल में रखा गया। शादी में साकिब अखलाक अपने दोस्तों के साथ एक पुलिसकर्मी को लेकर पहुंच गया, जिसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो वायरल होने पर एसएसपी ने जांच बैठा दी जिसमें पता चला कि उक्त पुलिसकर्मी हसनैन है, जोकि गुदड़ी बाजार, कोतवाली पुलिस चौकी पर तैनात है। पुलिसकर्मी को सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने मौखिक परमीशन देकर शादी समारोह में भेजा था। एसएसपी रोहित सिंह का कहना कि पूर्व सांसद के बेटे के साथ पुलिसकर्मी कैसे गया है इसकी जांच सौंपी गई है।



# निकाय चुनाव में मजबूती से उतरने की तैयारी में कांग्रेस, दूसरे दल के बागियों पर भी नजर

- प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रांतीय अध्यक्ष भी सक्रिय, भाजपा को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति
- जातीय समीकरण पर भी फोकस, जनता तक पहुंचने की बनायी योजना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सियासी वनवास काट रही कांग्रेस एक बार फिर अपनी जमीन मजबूत करने में जुट गयी है। पार्टी नेतृत्व पूरी मजबूती से निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके लिए रणनीति बनायी जा चुकी है। इसके तहत भाजपा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की योजना बनायी गयी है। इसके अलावा सामाजिक और जातीय समीकरणों को भी साधने पर भी फोकस किया जा रहा है। वहीं दूसरे दलों के बागियों पर भी पार्टी की नजर है।

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहना कि हम सबको साथ लेकर चलने वाले लोग हैं। इसका असर निकाय चुनाव में देखने को मिलेगा। कांग्रेस मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। शहरों में स्मार्ट सिटी के नाम पर सीवर, सड़क और पानी की समस्या झेल रही जनता के सामने विकल्प के रूप में सिर्फ कांग्रेस ही है। आज जनता इतिहास बनाने वालों व इतिहास बिगाड़ने वालों के बीच के फर्क को भलीभांति समझ गई है। संगठन की मजबूती व जमीनी स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस की नजर दूसरे दलों के असंतुष्टों पर भी है। माना जा रहा है कि भाजपा समेत अन्य दलों के कई पार्षदों का टिकट कटना तय है। भाजपा के कुछ मौजूदा पार्षद दूसरी पार्टी के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं ताकि, टिकट कटने पर वे दूसरी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ सकें। कांग्रेस की इस पर नजर है। निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने भी कमान संभाल ली है।



## कमजोर संगठन में जान फूंकना चुनौती

उत्तर प्रदेश में कमजोर हो चुके संगठन में जान फूंकना भी बड़ी चुनौती है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के पास गिने-चुने कार्यकर्ता ही हैं। वहीं कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। पार्टी भाजपा की कमियों, महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। जिताऊ उम्मीदवार की तलाश भी की जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह का कहना है कि पार्टी इस बार बड़ी जीत दर्ज करेगी। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी चल रही है। पार्टी राष्ट्रीय नेताओं के निर्देश पर लगातार जमीन पर काम कर रही है। भाजपा ने अपना कोई वादा पूरा नही किया। लोगों के साथ धोखा किया है, यह बातें उन्हें बता रहे हैं। साथ ही उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

## बृजलाल खाबरी ने संभाली कमान

यूपी कांग्रेस की कमान बृजलाल खाबरी संभाल रहे हैं। निकाय चुनाव में पार्टी को जीत दिलाना उनके लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि इसके साथ ही संगठन को मजबूत नेतृत्व देने के लिए इस बार छह प्रांतीय अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। पिछले विधान सभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के साथ अजय कुमार लल्लू के बाद यह पद खाबरी को दिया गया है। पार्टी ने नए अध्यक्ष के रूप में बृजलाल खाबरी के नाम का ऐलान किया था। उनके साथ ही छह प्रांतीय अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा हुई। इस बारे में बृजलाल खाबरी को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कमान सौंपने के साथ ही जिन छह नेताओं को प्रांतीय अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी मिली है उनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, वीरेंद्र चौधरी, नकुल दुबे, अनिल यादव (इटावा) और योगेश दीक्षित शामिल हैं। ये सभी पदाधिकारी निकाय चुनाव में संगठन को मजबूती देने में जुटे हैं।

# यूपी में कुनबा बढ़ाने पर जुटी आप, केजरीवाल मॉडल पर भरोसा

- निकाय चुनाव पर नजर मोहल्ला प्रभारियों की नियुक्ति
- उम्मीदवारों पर किया जा रहा मंथन, कई मुद्दों पर चर्चा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। आम आदमी पार्टी की भी नजर उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव पर है। पार्टी का प्रदेश नेतृत्व केजरीवाल मॉडल के जरिए प्रदेश की जनता का दिल जीतने में जुटा हुआ है। इसके अलावा लोगों के बीच पैठ बढ़ाने के लिए तेजी से सदस्य बनाए जा रहे हैं।

निकाय चुनाव समिति और आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि केजरीवाल मॉडल को घर-घर कार्यकर्ता पहुंचा रहे हैं। नगर निगम चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी की तैयारी जोरों पर है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लोग आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी नगर निगम चुनाव मजबूती से उत्तर प्रदेश में लड़ेगी। केजरीवाल मॉडल को जनता पसन्द कर रही है इसलिए लोग भारी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। जिलों में प्रत्याशी बड़ी संख्या में आवेदन लेकर जा रहे हैं। जनता में आप की नीतियां काफी लोकप्रिय हैं। मोहल्लावार चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी । प्रदेश में 'आप' ने मोहल्ला प्रभारियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने मोहल्लों की समस्याओं को बताने के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन भी तैयार किया है। इस एप्लीकेशन के जरिये पार्टी हर मोहल्ले की प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करेगी और उनके आधार पर मोहल्लावार चुनाव घोषणा पत्र जारी किए जाएंगे। नगर निकाय चुनावों के लिए 'आप' एक समेकित घोषणा पत्र भी जारी करेगी। पार्टी इस बात पर विचार-मंथन कर रही है कि 600 वर्ग फीट तक के मकानों का गृह कर पूरी तरह से माफ किया जाए. वहीं, 2000 वर्ग फीट तक के मकानों का गृह कर आधा कर दिया जाए। पार्टी जल मूल्य को भी पूरी तरह से खत्म करने की व्यवस्था बनाने पर भी विचार कर रही है। इन तमाम चीजों को घोषणा पत्र में भी शामिल किया जाएगा।




## अच्छे छवि वालों को दिया जाएगा टिकट

निकाय चुनाव में पूरी मजबूती से लड़ने के लिए 'आप' अपराध, भ्रष्टाचार मुक्त ' छवि वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव का टिकट देगी। पार्टी अपने उम्मीदवारों पर मंथन के बाद सूची जारी करेगी।

## आप सांसद संजय सिंह सक्रिय

निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की सियासी जमीन मजबूत करने के लिए आप सांसद संजय सिंह ने भी मोर्चा संभाल लिया है। वे लगातार प्रदेश में दौरा कर लोगों से संवाद कर रहे हैं। साथ ही रणनीति को जमीन पर उतारने के लिए पदाधिकारियों को लगाया गया है।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# डेंगू का प्रकोप और लचर तंत्र

> सवाल यह है कि समय रहते डेंगू से बचाव के लिए जरूरी उपाय क्यों नहीं किए जाते हैं? मच्छरों से निपटने के लिए फॉगिंग और दवा का छिड़काव क्यों नहीं किया गया? हर साल लचर चिकित्सा व्यवस्था से लोगों को क्यों दो-चार होना पड़ता है? दवा और फॉगिंग आदि के लिए जारी होने वाला भारी-भरकम बजट कहां खर्च हो रहा है? क्या सरकार ऐसे ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएगी?

*सर्दियों की आहट के साथ ही डेंगू का प्रकोप एक बार फिर प्रदेश में बढ़ गया है। रोजाना काफी संख्या में लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर न तो स्वास्थ्य विभाग न ही नगर निगम और पालिकाएं इसको लेकर गंभीर दिख रही हैं। सरकार के आदेश के बावजूद अस्पतालों में मरीजों को बेड और जरूरी दवाएं तक नहीं मिल रही हैं। लिहाजा आम आदमी इलाज के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के चक्कर काट रहा है। सवाल यह है कि समय रहते डेंगू से बचाव के लिए जरूरी उपाय क्यों नहीं किए जाते हैं? मच्छरों से निपटने के लिए फॉगिंग और दवा का छिड़काव क्यों नहीं किया गया? हर साल लचर चिकित्सा व्यवस्था से लोगों को क्यों दो-चार होना पड़ता है? दवा और फॉगिंग आदि के लिए जारी होने वाला भारी-भरकम बजट कहां खर्च हो रहा है? क्या सरकार ऐसे ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएगी? डेंगू से होने वाली मौतों के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की छूट किसी को दी जा सकती है?*

*यूपी में हर साल बारिश के बाद और सर्दियों की दस्तक के साथ मच्छरजनित रोगों मसलन डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसकी रोकथाम की जिम्मेदारी नगर निगम नगर पालिकाओं व स्वास्थ्य विभाग के पास है लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अकेले लखनऊ में सैकड़ों लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि बीमारी के प्रकोप के बावजूद प्रभावित और अन्य इलाकों में न तो फॉगिंग की जा रही है न ही दवा का छिड़काव ही किया जा रहा है। पुराने लखनऊ की हालत बेहद खराब हो चली है। यहा दर्जनों मरीज रोज डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। पॉश कॉलोनियों में भी डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति तब है जब सरकार लगातार डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश जारी कर रही है। स्वास्थ्य विभाग भी नोटिस-नोटिस खेल कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहा है। न तो घर-घर डेंगू के मच्छरों को चिन्हित करने का अभियान चलाया गया न ही दवा का छिड़काव ही किया गया। जागरूकता अभियान भी चलाने में संबंधित विभाग नाकाम रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं भी औंधे मुंह आ गयी हैं। अस्पतालों में मरीज को भर्ती करने के लिए पर्याप्त बेड नहीं मिल रहे हैं। दवाओं का भी टोटा पड़ा हुआ है। इसके कारण आम आदमी की हालत पस्त हो गयी है। जाहिर है यदि डेंगू पर नियंत्रण लगाना है तो सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी होगी। इसके अलावा लापरवाह कर्मियों को चिन्हित कर दंडित भी करना होगा।*


(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# जाति प्रथा को खत्म करने की जरूरत

अश्विनी महाजन

हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भारतीय समाज से यह अपील की है कि जाति प्रथा के कारण समाज में विघटन और अन्य बुराइयों को दूर करने हेतु जाति प्रथा को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। वर्ण और जाति को पूरी तरह से नकार दिया जाना चाहिए क्योंकि आज इस व्यवस्था की कोई प्रासंगिकता नहीं बची है। सामाजिक समानता भारतीय परंपराओं का हिस्सा रही है, लेकिन अब इस विशेषता को भुला दिया गया है, जिसके हानिकारक परिणाम निकल रहे हैं। जो भी व्यवस्था समाज में भेदभाव का कारण बने, उसे जड़ से मिटाने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख की इस अपील पर मिश्रित प्रतिक्रिया हुई है. अधिकतर लोगों ने इसका स्वागत किया है, लेकिन कुछ लोग इसके राजनीतिक निहितार्थ लगाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि डॉ. भागवत के इस वक्तव्य से उन लोगों का मुंह बंद करने का प्रयास हो रहा है जो संघ को ब्राह्मण प्रधान मानते हैं।

ऐसा नहीं कि हमारे देश में लोगों ने आक्रांताओं का प्रतिकार नहीं किया, लेकिन इतिहास गवाह है कि हर बार हमारी फूट का लाभ विदेशी आक्रांता लगातार उठाते गये। उन आक्रांताओं ने देश को न केवल लूटा-खसोटा, बल्कि लंबे समय तक अपना शासन स्थापित करने में भी सफल रहे। अंग्रेजों ने भारतीय समाज की विविधताओं को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। अंग्रेज शासन के दौरान ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं, जब उन्होंने विभिन्न जातियों एवं वर्गों को एक-दूसरे के विरुद्ध भड़काकर उनमें शत्रुता का भाव जागृत किया। विदेशी शासकों की इसी नीति को इतिहासकारों ने फूट डालो, शासन करो की नीति का नाम दिया। ऐसे में देशभक्त हेडगेवार के मन में यह विचार आना स्वाभाविक ही था, जब तक समाज में उपस्थित विविधताओं के कारण आपसी मतभेदों की बुराइयों को समाप्त नहीं किया जाता, जिसके कारण हमारा देश गुलाम हो गया, आजादी मिलने के बाद भी उसके क्षरण की आशंका बनी रहेगी। स्थापना के समय से ही संघ का उद्देश्य यह रखा गया कि संघ संपूर्ण समाज को इन भेदों से मुक्त करने का काम करेगा। यह काम संघ की शाखाओं एवं विविध संगठनों के माध्यम से सहज रूप से होता है। स्वयंसेवकों से उनकी जात-बिरादरी, भाषा-प्रांत, वेश-भूषा आदि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता, बल्कि इन विषयों के बारे में संघ की कार्यप्रणाली में प्रश्न करने की भी प्रथा नहीं है। जिस संगठन का जन्म ही भेदों को मिटाने के लिए हुआ हो, उसके प्रमुख द्वारा समाज से यह आग्रह करना कि जाति प्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए, स्वाभाविक ही है। संघ प्रमुख ने यह भी रेखांकित किया है कि जात-बिरादरी के चलते कई वर्गों को अत्यंत पीड़ा से गुजरना पड़ता है। हालांकि छूआछूत आदि को कानून द्वारा समाप्त कर दिया गया है और संविधान में सभी के लिए समान व्यवहार का प्रावधान है, फिर भी कई स्थानों पर कुछ जातियों के लिए कुछ प्रथाओं का निषेध या कुएं से जल न लेने की घटनाओं या ऐसी ही कुछ विसंगतियों के चलते ही संघ प्रमुख ने समाज को होने वाली पीड़ा एवं वेदना को व्यक्त किया है। जिस समय डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, उस समय संघ का व्याप अत्यंत सीमित था। आज जहां संघ की प्रभावशाली उपस्थित सभी वर्गों और संपूर्ण भारत में है, संघ प्रमुख द्वारा इस प्रकार के वक्तव्य की समाज में अच्छी स्वीकृति मिल रही है। यह सही है कि अभी भी कुछ राजनीतिक दल भाषा-प्रांत, जात-बिरादरी, पूजा पद्धति आदि के आधार पर समाज में भेद उत्पन्न करते हुए अपनी रोटियां सेंकते हैं, पर समाज में स्वच्छ विकास एवं देश को हर क्षेत्र में उन्नत बनाने के लिए सभी भेदों को जड़ से मिटाने का समय आ गया है। इससे राजनीति में भी स्वच्छता आयेगी और देश का आर्थिक विकास



भी तेजी से होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों में एक प्रमुख कार्य सामाजिक समरसता का भी है। समाज के विभिन्न वर्गों में समरसता स्थापित करने के लिए संघ की सभी शाखाएं प्रयास करती हैं। त्योहारों एवं अन्य अवसरों पर गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के बीच जाकर स्वयंसेवकों द्वारा अपनत्व का भाव स्वाभाविक रूप से व्यक्त किया जाता है। हमें समझना होगा कि जब तक समाज के सभी वर्ग मिल-जुलकर राष्ट्र के निर्माण में संलग्न नहीं होंगे, गरीबी और बेरोजगारी जैसे दानवों का संहार करना कठिन हो जायेगा। यह भी समझना जरूरी है कि जाति-बिरादरी और अन्य प्रकार के सामाजिक भेद समाज के ताने-बाने की रक्षा के लिए भी खतरा हैं।

# बाजवा के दांव से इमरान की राह में मुश्किलें

जी. पार्थसारथी



> इमरान खान को यकीन है कि उनकी बेदखली में मुख्य सूत्रधार अमेरिका का वरदहस्त प्राप्त जनरल बाजवा हैं। हालांकि खुद इमरान खान ने सऊदी अरब के युवराज सलमान की नाराजगी मोल लेकर अपने देश का भला नहीं किया था, जब उनके प्रतिद्वंद्वी रहे तुर्की और मलेशिया से पींगें डालीं। चूंकि, सऊदी अरब के शाही खानदान की निकटता नवाज शरीफ के परिवार से रही है, लिहाजा उन्होंने शाहबाज़ शरीफ की नियुक्ति बतौर प्रधानमंत्री होने का स्वागत किया और पाकिस्तान की आर्थिक मदद पुनः शुरू कर दी।

इमरान खान का चरित्र गुस्सैल और विवादास्पद रहा है, बात बतौर सफल क्रिकेटर की हो या शादियों की। उनके निकाहों का सिलसिला जेमिमा गोल्डस्मिथ से शादी के साथ शुरू हुआ। यह दाम्पत्य जीवन नौ साल चला, लेकिन दूसरी शादी महज नौ महीनों में टूट गई। अगला विवाह सुन्नी इस्लाम पर गहरी आस्था रखने वाली और 'आध्यात्मिक प्रवचक' बुशरा मानेका से हुआ। हालांकि जब बात बुशरा द्वारा महंगे गहने खरीदने की आए तब यह सारा 'अध्यात्म' रफूचक्कर हो जाता है! क्रिकेट हो या राजनीति, दोनों में, इमरान खान की भारत विरोधी नफरत सर्वविदित है। उनके राजनीतिक जीवन में भी सोच कट्टर इस्लामिक की ओर साफ दिखी। इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को सत्ता मिलने के पीछे एक बड़ी मदद करिश्माई क्रिकेटर की छवि से मिली। 2019 में जैश-ए-मोहम्मद द्वारा किया पुलवामा हमला और परिणामवश बने तनाव के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान का जिहादी संगठनों के प्रति नर्म रुख रखना एक बड़ा कारक रहा।

इमरान खान को यकीन है कि उनकी बेदखली में मुख्य सूत्रधार अमेरिका का वरदहस्त प्राप्त जनरल बाजवा हैं। हालांकि खुद इमरान खान ने सऊदी अरब के युवराज सलमान की नाराजगी मोल लेकर अपने देश का भला नहीं किया था, जब उनके प्रतिद्वंद्वी रहे तुर्की और मलेशिया से पींगें डालीं। चूंकि, सऊदी अरब के शाही खानदान की निकटता नवाज शरीफ के परिवार से रही है, लिहाजा उन्होंने शाहबाज शरीफ की नियुक्ति बतौर प्रधानमंत्री होने का स्वागत किया और पाकिस्तान की आर्थिक मदद पुनः शुरू कर दी। बदले में, इमरान ने बाइडेन प्रशासन पर बाजवा के साथ मिलकर देश में 'सत्ता परिवर्तन खेल' करने का इल्जाम लगाया है। भरोसेमंद खबरों के मुताबिक इमरान को सत्ताच्युत करने में आईएसआई की भूमिका है।

पाक आवाम में आम राय है कि इमरान के सांसद तोड़कर नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग की अगुवाई में नई गठबंधन सरकार बनवाने में अमेरिकी हाथ है। कोई शक नहीं अमेरिका से हरी झंडी मिलने के बाद 'इमरान-विदाई' हुई थी। आखिरकार इस काम में चंद सांसदों की राजनीतिक निष्ठा बदलवाने की जरूरत होती है, आईएसआई ने अपने 'कुशल राजनीतिक प्रबंधन' से यह कर दिखाया और गठबंधन के नेतृत्व में शाहबाज शरीफ की सरकार बनवा दी। तभी तो, पुराने समय से एक-दूसरे की कटु प्रतिद्वंद्वी रही नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग और भुट्टो परिवार की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने हाथ मिला लिया। कोशिश जारी है कि लंदन में निर्वासित नवाज शरीफ को आरोपों से मुक्त करके उनकी सुरक्षित पाक वापसी करवाई जाए। हालांकि, पाकिस्तानियों ने इमरान को हटाने को नहीं स्वीकारा, इसका पता उपचुनावों में उनके उम्मीदवारों को मिले भारी समर्थन से लगता है।

जनरल बाजवा व अमेरिकी तालमेल में इमरान खान को हटाना महज पहला कदम था। आगे, 22 अगस्त को काबुल के पास छिपे अल कायदा के सरगना अल जवाहिरी को ड्रोन हमले से मार गिराना बताता है कि पाक मदद के बिना यह करना संभव नहीं था। निस्संदेह, आईएसआई के पास अफगानिस्तान में अल कायदा के ठिकानों की सटीक जानकारी है। सबूत सामने आने लगे हैं कि जनरल बाजवा वैश्विक घटनाक्रम पर अमेरिका-ब्रिटेन गठजोड़ के निकट सहयोगी हैं, जो यूक्रेन मामले पर साफ दिखाई दिया। इस बीच, नकदी का बेतरह टोटा झेल रहा पाक दिवालिया घोषित होने की कगार पर है और अपने गुजारे के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों से उधार पाने की तमाम कोशिशें कर रहा है। पाकिस्तान को 450 मिलियन डॉलर की सहायता घोषणा -जो मुख्यतः अमेरिका प्रदत्त एफ-16 लड़ाकू हवाई जहाजों के रखरखाव, अपग्रेडेशन और क्रियान्वन हेतु है- इसके अनुमोदन के बाद, राष्ट्रपति बाइडेन ने पाक को 'विश्व के सबसे खतरनाक देशों में एक' बताया और कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार बिना किसी प्रतिबद्धता के हैं। हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बाद में लीपापोती की कोशिश की। ठीक इसी वक्त ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के बोईंग सी-17 विमान द्वारा रावलपिंडी के नूर खान हवाई अड्डे से, बारास्ता रोमानिया, यूक्रेन में इस्तेमाल के लिए भेजी जाने वाली पाकिस्तानी सैन्य सामग्री की ढुलाई शुरू हुई। पाक के चुनाव आयोग ने अब इमरान को अनियमितताओं का दोषी बता उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी है। जाहिर है यह कदम इमरान खान को भविष्य में भी चुनाव लड़ने से महरूम करने को कानूनी प्रक्रिया की शुरुआत है।

अगले महीने पाकिस्तान में 29 नवम्बर को जनरल बाजवा की सेवानिवृत्ति होनी है। उन्हें और दो साल का सेवा-विस्तार मिलने के आसार हैं। अमेरिका भी चाहेगा कि पाक के सैन्य मामलों में जनरल बाजवा का दखल रहे ताकि पाक से यूक्रेन पहुंचायी जाने वाली सैन्य आपूर्ति-सहायता जारी रहे।

# संकटों से मुक्ति दिलाती हैं छठी मैया

देश के कुछ हिस्सों जैसे बिहार, झारखंड आदि जगहों पर छठ पूजा का पर्व काफी धूम धाम के साथ मनाया जाता है। चार दिवसीय इस पर्व में छठ मैय्या और सूर्य देव की पूजा का विधान है। दिवाली के तीन दिन बाद से ही इस पर्व की शुरुआत होती है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन से छठ पर्व शुरु होता है और चार दिन तक चलता है। बता दें कि इस बार छठ पर्व की शुरुआत 28 अक्टूबर से हो रही है और 31 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही इसका समापन होगा। हिंदू पंचांग के अनुसार 28 अक्टूबर को नहाय-खाय, 29 अक्टूबर को खरना होता है। इसमें महिलाएं छठी मैया और सूर्य देव के लिए पकवान बनाती हैं। खासतौर से इस दिन थेकुआ बनाया जाता है। इसके बाद 30 अक्टूबर को सांध्यकालीन अर्घ्य दिया जाएगा। 31 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ इस पर्व का समापन होगा। छठ व्रत कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस दिन किए गए कुछ उपाय व्यक्ति को सभी संकटों से मुक्त करते हैं।



## पहला दिन

नहाय-खाय 2022 28 अक्टूबर, दिन शुक्रवार, सूर्योदय: प्रातः 06 बजकर 30 मिनट पर, सूर्यास्त: शाम 05 बजकर 39 मिनट पर

### शुभ समय

शोभन योग: प्रातःकाल से देर रात 01 बजकर 30 मिनट सर्वार्थ सिद्धि योग: सुबह 06 बजकर 30 मिनट से सुबह 10 बजकर 42 मिनट तक रवि योग: सुबह 10 बजकर 42 मिनट से अगली सुबह 06 बजकर 31 मिनट तक

## पूजा के दिन कर लें ये उपाय

- छठ पूजा का व्रत लगातार 36 घंटे तक भूखे-प्यासे रहकर रखा जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर लें। पूर्व दिशा में मुख करके कुश के आसन पर बैठें। सामने एक सफेद कपड़ा बिछाएं और उसके ऊपर सूर्यदेव का चित्र या प्रतिमा की स्थापना करें। फिर सूर्य देव की पंचोपचार पूजा करें और गुड़ का भोग लगाएं। पूजा के दौरान लाल रंग के फूलों का उपयोग करें।
- छठ पर्व के दिन सुबह स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद गुड़ और कच्चे चावल को बहते जल में प्रवाहित करें। सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए पके हुए चावल में गुड़ और दूध मिलाकर खाएं। इससे सूर्य देव जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं।
- इस दिन जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुख करके कुश के आसन पर बैठ जाएं और रुद्राक्ष की माला से मंत्र जाप करें।
- इसके अलावा,छठ पर्व के दिन तांबे का सिक्का या चौकोर टुकड़ा बहते जल में प्रवाहित करें। इससे कुंडली में सूर्य दोष दूर होता है। इसके साथ-साथ लाल कपड़े में गेंहू और गुड़ बांधकर दान देने से भी आपकी हर इच्छा पूरी होती है।

## दूसरा दिन

लोहंडा और खरना 2022: 29 अक्टूबर, दिन शनिवार, सूर्योदय: प्रातः 06 बजकर 31 मिनट पर, सूर्यास्त: शाम 05 बजकर 38 मिनट पर

### शुभ समय

रवि योग: सुबह 06 बजकर 31 मिनट से सुबह 09 बजकर 06 मिनट तक, सुकर्मा योग: रात 10 बजकर 23 मिनट से अगली सुबह तक

## तीसरा दिन

छठ पूजा का संध्या अर्घ्य 2022: 30 अक्टूबर, रविवार, सूर्यास्त: शाम 05 बजकर 38 मिनट पर

### शुभ समय

सुकर्मा योग: प्रातः काल से शाम 07 बजकर 16 मिनट तक, धृति योग: शाम 07 बजकर 16 मिनट से अगली सुबह तक, रवि योग: सुबह 07: 26 बजे से अगले दिन सुबह 05:48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग: सुबह 06:31 बजे से सुबह 07:26 बजे तक।



## चौथा दिन

छठ पूजा का प्रातः अर्घ्य 2022: 31 अक्टूबर, सोमवार सूर्योदय: प्रातः 06 बजकर 32 मिनट पर

### शुभ समय

सर्वार्थ सिद्धि योग: प्रातः 05:48 बजे से सुबह 06:32 बजे तक, त्रिपुष्कर योग: प्रातः 05:48 बजे से सुबह 06:32 बजे तक

## हंसना मना है

आधार कार्ड का ऑफिस बंद था, कार्ड बनवाने के लिए लम्बी लाइन लगी हुई थी,एक आदमी बार-बार लाइन में आगे जाने की कोशिश कर रहा था,लोग उसे पीछे पकड़ कर खीच देते थे, उसने 4-5 बार कोशिश की,फिर हारकर उसने बोला, लगे रहो लाइन में, आज ऑफिस ही नहीं खोलूंगा।

मौंटी: यार कल रात घर देर से पहुंचा, बेल बजाई पर बीवी ने दरवाजा खोला ही नहीं! पूरी रात सड़क पर गुजारी। शौंटी: फिर सुबह बीवी की खबर ली की नहीं? मौंटी: नहीं यार, सुबह दारू उतरी तो याद आया, अभी तो मेरी शादी ही नहीं हुई है, और चाबी तो जेब में थी!

गर्लफ्रेंड: मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है। बॉयफ्रेंड: कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये.अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ। गर्लफ्रेंड बेहोश

मास्टर जी: इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना। स्टूडेंट: पत्नी को मायके जाने से रोकना.अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे थे कि इस बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

डॉक्टर ने मरीज को रोजाना 10 किलोमीटर चलने को कहा...सालभर बाद मरीज ने डॉक्टर को फोन किया. मरीज- सर रोज 10 किलोमीटर चलकर अमेरिका पहुंच गया हूं, यहीं रुक जाऊं या आगे रूस निकल जाऊं।

## कहानी | मजदूर के जूते

एक बार एक शिक्षक संपन्न परिवार से संबंध रखने वाले एक युवा शिष्य के साथ कहीं टहलने निकले। उन्होंने देखा की रास्ते में पुराने हो चुके एक जोड़ी जूते उतरे पड़े हैं, जो संभवतः पास के खेत में काम कर रहे गरीब मजदूर के थे जो अब अपना काम ख़त्म कर घर वापस जाने की तयारी कर रहा था। शिष्य को मजाक सूझा उसने शिक्षक से कहा, गुरुजी क्यों न हम ये जूते कहीं छिपा कर झाड़ियों के पीछे छिप जाएं; जब वो मजदूर इन्हें यहां नहीं पाकर घबराएगा तो बड़ा मजा आएगा। शिक्षक गंभीरता से बोले कि किसी गरीब के साथ इस तरह का भद्दा मजाक करना ठीक नहीं है। क्यों ना हम इन जूतों में कुछ सिक्के डाल दें और छिप कर देखें की इसका मजदूर पर क्या प्रभाव पड़ता ह। शिष्य ने ऐसा ही किया और दोनों पास की झाड़ियों में छुप गए। मजदूर जल्द ही अपना काम खत्म कर जूतों की जगह पर आ गया। उसने जैसे ही एक पैर जूते में डाले उसे किसी कठोर चीज का आभास हुआ, उसने जल्दी से जूते हाथ में लिए और देखा की अन्दर कुछ सिक्के पड़े थे, उसे बड़ा आश्चर्य हुआ और वो सिक्के हाथ में लेकर बड़े गौर से उन्हें पलट - पलट कर देखने लगा। फिर उसने इधर -उधर देखने लगा, दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आया तो उसने सिक्के अपनी जेब में डाल लिए। अब उसने दूसरा जूता उठाया, उसमे भी सिक्के पड़े थे। मजदूर भावविभोर हो गया, उसकी आंखों में आंसू आ गए, उसने हाथ जोड़ ऊपर देखते हुए कहा हे भगवान, समय पर प्राप्त इस सहायता के लिए उस अनजान सहायक का लाख-लाख धन्यवाद, उसकी सहायता और दयालुता के कारण आज मेरी बीमार पत्नी को दवा और भूखें बच्चों को रोटी मिल सकेगी। मजदूर की बातें सुन शिष्य की आंखें भर आयीं। शिक्षक ने शिष्य से कहा- क्या तुम्हारी मजाक वाली बात की अपेक्षा जूते में सिक्का डालने से तुम्हें कम ख़ुशी मिली? शिष्य बोला, आपने आज मुझे जो पाठ पढ़ाया है, उसे मैं जीवन भर नहीं भूलूंगा। आज मैं उन शब्दों का मतलब समझ गया हूं, जिन्हें मैं पहले कभी नहीं समझ पाया था कि लेने की अपेक्षा देना कहीं अधिक आनंददायी है। देने का आनंद असीम है, देना देवत्त है।

**सीख:- दोस्तों, सचमुच Joy of Giving से बढ़कर और कोई सुख नहीं है। हमें इस ज्ञानी से शिक्षा लेते हुए अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार जरूर कुछ न कुछ दान देना चाहिए और जरुरत मंदों की हर संभव मदद करनी चाहिए।**

## 8 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** मां के स्वास्थ्य में सुधार, भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा हो सकता है। प्रेम और स्वास्थ्य मध्यम है। व्यापार सही चल रहा है।

**वृषभ** यदि कुछ शुरुआत करना चाहते हैं। कुछ मन बनाया है आपने तो उसको लागू कर दें। खासकर व्यापारिक मामले में, अच्छा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** धर्नाजन होगा। रुपए-पैसे में बढ़ोत्तरी होगी। कुटुम्बीजनों में वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम और संतान मध्यम है। व्यापार अच्छा है।

**कर्क** स्वास्थ्य की स्थिति काफी सुधार की ओर है। आक्रामकता पर काबू रखें। प्रेम और व्यापार की स्थिति भी आपकी काफी अच्छी चल रही है। बजरंग बली की अराधना करते रहें।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। सिरदर्द-नेत्र पीड़ा परेशान करेगी आपको। संतान, व्यापार, प्रेम अच्छी स्थिति में है। भगवान शिव की अराधना करते रहें।

**कन्या** कन्या-रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। प्रेम, संतान और व्यापार की स्थिति बहुत बढ़िया है। प्रेम, संतान और व्यापार की स्थिति बहुत बढ़िया है।

**तुला** कोर्ट-कचहरी में विजय, पिता के स्वास्थ्य में सुधार, व्यापारिक लाभ होगा। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम और व्यापार की स्थिति काफी अच्छी है।

**वृश्चिक** यात्रा में लाभ, भाग्य साथ देगा। रुका हुआ काम चल पड़ेगा। धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम और व्यापार की स्थिति काफी अच्छी है।

**धनु** स्वास्थ्य में सुधार लेकिन परिस्थितियां अचानक प्रतिकूल हो सकती हैं। चोट लग सकती है। व्यापारिक स्थिति अच्छी है। प्रेम की भी स्थिति अच्छी है।

**मकर** व्यापारिक लाभ, प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात, स्वास्थ्य में सुधार, छुट्टी सा महसूस करेंगे। आनंददायक समय होगा। शनिदेव की अराधना करते रहें।

**कुम्भ** थोड़ा डिस्टबिंग सा रहेगा। शत्रु परेशान करने की कोशिश करेंगे हालांकि कर नहीं पाएंगे। आपकी स्थिति अच्छी दिख रही है। प्रेम और व्यापार की स्थिति काफी अच्छी है।

**मीन** अपनी बुद्धि पर भरोसा करें। मन जो कह रहा है उसे जरूर करें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। बाकी आपके स्वास्थ्य की अच्छी स्थिति दिख रही है।

छोटा पर्दा | मन की बात

# पति के बच्चे की डिमांड पर पूजा बत्रा ने तोड़ दी थी शादी



पूजा बत्रा हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में काम कर चुकी हैं। पूजा बत्रा ने कई फिल्मों में काम किया है लेकिन उन्हें पॉपुलर एक्ट्रेस के तौर पर पहचान नहीं मिली है। पूजा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रह चुकी हैं। आइए जानते हैं उनकी पर्सनल लाइफ की कंट्रोवर्सी के बारे में। पूजा बत्रा ने साल 2003 में अमेरिकी बिजनेसमैन सोनू अहलूवालिया से शादी रचाई थी। इसके बाद एक्ट्रेस अमेरिका में ही बस गई थी, लेकिन दोनों की शादी लंबे समय तक नहीं चल पाई थी। दरअसल साल 2012 में पूजा बत्रा और सोनू का तलाक हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पूजा के पति बच्चा चाहते थे, लेकिन एक्ट्रेस अपने करियर पर फोकस करना चाहती थी, वह बच्चे के लिए तैयार नहीं थी। जिसकी वजह से दोनों में रोज बहस होती थी, रोजाना की किच-किच की वजह से बात तलाक तक पहुंच गई थी। सोनू अहलूवालिया से तलाक लेने के बाद एक्ट्रेस ने अपने करियर पर ध्यान दिया। उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया इसके अलावा एक्ट्रेस ने पर्सनल लाइफ पर भी फोकस किया। उन्होंने साल 2019 में गुपचुप तरीके से नवाब शाह शादी की। पूजा बत्रा कई हिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन बहुत ही कम लोगों को पता होगा कि पूजा बत्रा अक्षय कुमार के संग रिलेशन में रह चुकी हैं। पूजा बत्रा ने 16 साल की उम्र में मॉडलिंग करनी शुरू की थी। मॉडलिंग के दौरान पूजा और अक्षय कुमार काफी अच्छे दोस्त थे। मिस इंडिया इंटरनेशनल खिताब जीतने के बाद विरासत फिल्म में काम किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस दौरान अक्षय पूजा के संग रिलेशनशिप में आ चुके थे। पूजा और अक्षय एक साथ फिल्मी पार्टियों में जाया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय जब पूजा के संग रिलेशन में थे उस दौरान वह रवीना टंडन के संग भी रिलेशनशिप में थे।

## ब्रीद-इनटू द शैडोज-2 का ट्रेलर रिलीज

# अविनाश पर फिर हावी हुआ जे अभिषेक दिखे और ताकतवर

अभिषेक बच्चन और अमित साध के लीड रोल वाली मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज ब्रीद-इनटू द शैडोज 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। दूसरे भाग में भी एक बार फिर से अभिषेक को नेगेटिव रोल में देखा जा रहा है। बेशक दर्शकों दर्शकों को इस सीजन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन मेकर्स ने इसे इतने दमदार अंदाज में पेश किया कि ट्रेलर ने पूरी सीरीज के लिए उत्सुकता को डबल कर दिया है।

ट्रेलर की शुरुआत में अविनाश एक पैनल के सामने बैठे हुए दिख रहे हैं, जो उनसे कहते हैं, अविनाश ये देखकर अच्छा लग रहा है कि तुम ठीक हो चुके हो, लेकिन तुमने जो किया, उसके बाद तुम कभी आजादी से नहीं रह पाओगे। इस पर अविनाश (अभिषेक बच्चन) कहते हैं, आजादी एक रिलेटिव शब्द है। अंदर रहूं या बाहर, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। दूसरी ओर अमित साध (पुलिस ऑफिसर कबीर सावंत) के रूप में फिर एक्शन करते दिख रहे हैं। ब्रीद 2 की शुरुआत वहीं से की गई है जहां इसका पहला सीजन खत्म हुआ था। कातिल जे (अभिषेक बच्चन) फिर से अविनाश पर हावी होता है और बाकी बचे हुए उन 6 लोगों की तलाश में निकल पड़ता है, जिनका वह रावण के सिरों के रूप में प्रतिनिधित्व करता है। जे का कहना है कि वह अनिवाश तो तब तक नहीं छोड़ेगा जब तक वह उन 6 लोगों को न मार डाले। बता दें कि जे, अविनाश की दूसरी पर्सनैलिटी है, जो कई ज्यादा ताकतवर और शातिर है। ब्रीद- इनटू द शैडोज 2 में नित्या मेनन को अविनाश की पत्नी आभा सभरवाल के रोल में देखा जा रहा है। वहीं, सैयामी खेर भी इस बार काफी दमदार अंदाज में नजर आने वाली हैं। इन सबके बीच अमित साध का कबीर सावंत का किरदार फिर दिल जीत रहा है। इस बार सीरीज में कुछ नए कलाकारों की भी एंट्री हुई है। इनमें से एक नाम नवीन कस्तूरिया का शामिल है। नवीन का रोल काफी रहस्यमयी सा दिख रहा है। वह इस हत्याओं में और मुश्किलें बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। ट्रेलर को देखकर इस बात का तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह नेगेटिव रोल में ही हैं, साथ ही वह जे के लिए भी मुसीबत बने नजर आ रहे हैं। मयंक शर्मा द्वारा सह-निर्देशित ब्रीद- इनटू द शैडोज 2 को विक्रम मल्होत्रा और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। 8 एपिसोड वाली इस सीरीज का ट्रेलर जारी होने के बाद इसकी रिलीज का इंतजार और मुश्किल हो गया है। इसे 9 नवंबर, 2022 को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जा रहा है। इसके अलावा अभिषेक बच्चन की एक और फिल्म आ रही है, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। फिलहाल अभी इसका ट्रेलर सामने नहीं आया है।



बॉलीवुड | मसाला

# आमना शरीफ के सिजलिंग लुक ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



मशहूर एक्ट्रेस आमना शरीफ लंबे वक्त से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। उन्होंने टीवी शोज से लेकर बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जादू चलाया है। हालांकि पिछले कुछ वक्त से आमना अपने लुक्स के कारण काफी चर्चा में रहने लगी हैं। अब फिर से एक्ट्रेस का नया लुक वायरल हो रहा है। आमना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने लगी हैं। ऐसे में लगभग हर दिन एक्ट्रेस का एक नया अवतार देखने को मिल जाता है। अब लेटेस्ट फोटोज में आमना को फुर्सत के पल बिताते हुए देखा जा रहा है। ये उनकी थ्रोबैक वैकेशन्स की फोटोज हैं, जिन्हें आमना काफी याद कर रही हैं। फोटोज में आमना शरीफ समुद्र दिख रही हैं। उन्होंने यहां पिंक कलर की ट्यूब शॉर्ट ड्रेस पहनी है। यहां एक्ट्रेस का नो-मेकअप लुक देखने को मिल रहा हो। उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए कानों में गोल्डन हूप ईयररिंग्स पहने हैं। वहीं, बालों को ओपन रखा है। इस लुक में भी आमना काफी ग्लैमरस और हॉट दिख रही हैं। आमना के वर्कफ्रंट की बात करें तो पिछली बार वह वेब शो आधा इश्क में नजर आई थीं। हालांकि, उनकी इस सीरीज को उतना पसंद नहीं किया गया, जितनी उम्मीद की जा रही थी।

बॉलीवुड | गपशप

अजब-गजब | भगवान विश्वकर्मा ने किया था निर्माण

# डेढ़ लाख साल पुराना है बिहार का ये सूर्य मंदिर

हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस बार 28 अक्तूबर से छठ पूजा की शुरुआत होगी और 31 अक्तूबर को इसका समापन होगा। छठ पूजा के दिन भगवान सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा होती है। इस दौरान 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखा जाता है। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है मुख्य रूप से छठ पर्व उत्तर भारत के राज्यों में मनाया जाता है, लेकिन अब यह त्योहार पूरी दुनिया में मनाए जाने लगा है। छठ के पर्व में उगते और डूबते हुए सूर्य दोनों को अर्घ्य देते हैं। छठ महापर्व में विशेष रूप से भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। छठ महापर्व के मौके पर हम देश के एक अद्भुत और चमत्कारिक सूर्य मंदिर के बारे में बताते हैं.... देशभर में भगवान सूर्य के कई प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर हैं। इन सूर्य मंदिरों में सबसे पहले कोणार्क के सूर्य मंदिर का नाम आता है, लेकिन बिहार में एक सूर्य मंदिर स्थित है जो लोगों के आस्था का केंद्र है। राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित यह बेहद रहस्यमयी मंदिर है। छठ महापर्व पर इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जमा होती है। इस मंदिर में छठ पूजा करने के लिए यहां पर



बिहार के अलावा कई राज्यों के लोग आते हैं। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक, इस प्राचीन सूर्य मंदिर का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने खुद एक रात में किया था। देश का यह पहला ऐसा मंदिर है जिसका दरवाजा पश्चिम दिशा की तरफ है। इस मंदिर में सात घोड़े वाले वाले रथ पर भगवान सूर्य सवार हैं। इस प्रसिद्ध मंदिर में भगवान सूर्य के तीनों रूपों उदयाचल-प्रातः सूर्य, मध्याचल-मध्य सूर्य और अस्ताचल -अस्त सूर्य के रूप में प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि छठ पूजा की शुरुआत यहीं से हुई थी। छठ पूजा में इस मंदिर का काफी महत्व है। यह मंदिर करीब एक सौ फीट ऊंचा है। इसके साथ ही यह प्राचीन मंदिर स्थापत्य और वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस मंदिर का निर्माण डेढ़ लाख साल पहले किया गया था। आयताकार, वर्गाकार, अर्द्धवृत्ताकार, गोलाकार, त्रिभुजाकार पत्थर से इस मंदिर को बनाया गया है। इसके निर्माण में गारा या सीमेंट का इस्तेमाल नहीं हुआ है। अभी तक यह रहस्य है कि इस मंदिर का एक रात में कैसे निर्माण किया गया। यह प्राचीन सूर्य मंदिर विशिष्ट कलात्मक भव्यता के अलावा अपने इतिहास के लिए भी जाना जाता है। डेढ़ लाख वर्ष पुराना यह सूर्य मंदिर औरंगाबाद से करीब 18 किलोमिटर दूर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण काले और भूरे पत्थरों से किया गया है। यह सूर्य मंदिर देखने में ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर की तरह नजर आता है। सूर्य मंदिर के बाहर स्थित एक शिलालेख पर ब्राह्मी लिपि में एक श्लोक लिखा है। इस मंदिर का निर्माण त्रेता युग में किया गया था। शिलालेख पर लिखे श्लोक के मुताबिक, इस पौराणिक मंदिर के निर्माण को 1 लाख 50 हजार 19 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

# अगले 3 साल तक के लिए बुक है ये टावर, छुट्टी मनाने वाले मुंह मांगी कीमत देने के लिए हैं तैयार



ब्रिटेन का सबसे लोकप्रिय हॉलिडे होम कम से कम अगले दो वर्षों के लिए पहले से ही बुक है यानी अगर आप यहां छुट्टी मनाना चाहते हैं तो फिर आपको साल 2025 तक का लंबा इंतजार करना होगा। जी हां हम बात कर रहे हैं वेयरहैम में क्लेवेल टॉवर की। ये एक चार मंजिला गोलाकार टावर है जो दक्षिण तट पर किमेरिज खाड़ी के चट्टानों पर है। यहां आने वाले टूरिस्ट इसके लिए मुंह मांगी कीमत देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें निराश होना पड़ेगा। ये टावर 1830 में बनाया गया था और पहले पीडी जेम्स और थॉमस हार्डी सहित प्रसिद्ध लेखकों का ये ठिकाना था। इस टावर की देखभाल लैंडमार्क ट्रस्ट करता है। साल 2022 में इसे रिनोवेट किया गया था। हर साल इसे बुक कराने वालों की लंबी वेटिंग होती है। टावर में चार रात रुकने पर आपको 580 पाउंड यानी करीब 55 हजार रुपये खर्च करने होंगे, जिसमें दो लोग एक डबल बेड रूम में रह सकते हैं। इसमें एक ओवन और एक इलेक्ट्रिक हॉब है। खास बात ये है कि आप यहां अपने कुत्तों के साथ भी रह सकते हैं। टावर तक पहुंचने के लिए मेहमानों को दस मिनट पैदल चलना पड़ता है लेकिन अफसोस ये कमरा साल 2025 तक बुक है। टावर के तीसरे मंजिल से आप समुद्र का शानदार दृश्य देख सकते हैं। हर साल यहां बुकिंग को लेकर मारामारी होती है। पिछले साल पूरे छह महीने की अवधि के स्लॉट ऑनलाइन होने के 300 सेकंड के भीतर बिक गए थे। लैंडमार्क ट्रस्ट के एक प्रवक्ता ने ब्रिटिश अखबार डेली स्टार से कहा था, कि ये जगह बिल्कुल अलग है। बिस्तर पर लेटते हुए आप यहां से समुद्र के नजारे देख सकते हैं। वहां छुट्टी मनाने के लिए बहुत आगे की सोच होती है, लेकिन क्योंकि यह इतना लोकप्रिय है कि लोग जानते हैं कि उन्हें तैयार रहना होगा।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले गरमायी सियासत

# भाजपा ने दिए कचरे के पहाड़, इसी मुद्दे पर लड़ेंगे निगम की जंग: केजरीवाल

» एक लाख करोड़ रुपये दिल्ली सरकार ने दिए एमसीडी को

» भाजपा ने यमुना की गंदगी को लेकर आप सरकार को घेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव की घोषणा से पहले ही दिल्ली की सियासत गरमा गई है। सत्तारूढ़ भाजपा को घेरने के लिए गाजीपुर लैंडफिल साइट पहुंचे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एमसीडी का चुनाव कचरे के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। साथ ही वादा किया कि चुनाव जीतने पर आप पांच वर्ष में दिल्ली को स्वच्छ बना देगी। वहीं, भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने यमुना के झाग का वीडियो साझा कर कहा कि केजरीवाल सात साल से कहते आ रहे हैं कि मैं यमुना में डुबकी लगाऊंगा, उनसे आग्रह है कि वह आएं और अपने झूठ के इस प्रदूषणयुक्त गंदे पानी में डुबकी लगाएं।

सीएम केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने तीन निगमों में अपने 15 साल के शासन में कचरे के तीन पहाड़ दिए। गाजीपुर कूड़े का ढेर भाजपा के बुरे कर्मों का और नगर निकायों में हुए भ्रष्टाचार का पहाड़ है। उन्होंने कहा, मै जादूगर हूं, जनता का दिल जीतना जानता हूं। केजरीवाल ने कहा, भाजपा नेता आपके श्रवण कुमार को गालियां देते हैं, जो आपको तीर्थयात्रा कराता है। क्या इसे बर्दाश्त करेंगे? उन्होंने कहा, भाजपा नेता दावा करते हैं कि मैंने एमसीडी को पैसा नहीं दिया। 15 साल में एक लाख करोड़ रुपये दिल्ली सरकार ने दिए थे। भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि कूड़े के पहाड़ खत्म करने में सीएम केजरीवाल की कोई दिलचस्पी नहीं है। चुनाव नजदीक हैं तो उनकी राजनीति शुरू हो गई है। इसके पहले भाजपा ने केजरीवाल के दौरे से पहले जबरदस्त प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस दौरान आप और भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई। इससे दिल्ली-यूपी सीमा पर गाजीपुर के पास यातायात जाम की स्थिति बन गई थी।

## मोकामा, गोपालगंज में आरजेडी का चुनाव प्रचार नहीं करेंगे नीतीश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। बिहार की दो विधान सभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रचार नहीं करेंगे। सीएम नीतीश ने गुरुवार को कहा कि वे मोकामा और गोपालगंज में प्रचार के लिए नहीं जा रहे हैं। इन दोनों सीटों पर महागठबंधन की ओर से आरजेडी उम्मीदवार मैदान में हैं। सीएम नीतीश ने पेट में चोट का हवाला देते हुए ऐन वक्त पर प्रचार से दूरी बनाने का फैसला लिया है। इससे पहले उनका मोकामा में रैली का कार्यक्रम प्रस्तावित था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा कि उन्हें चोट लगी हुई है, इसलिए वे प्रचार में नहीं जा रहे हैं।

# हुड्डा की सरकार में थे दरबारी, दामाद और डीलर: शाह

» हरियाणा की खट्टर सरकार की तारीफ की, दी कई सौगातें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



फरीदाबाद। गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को फरीदाबाद में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर समेत 6629 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान अमित शाह ने खट्टर सरकार को आठ वर्ष पूरे करने के लिए बधाई दी। साथ ही पूर्व की हुड्डा सरकार पर जमकर बरसे।

जन उत्थान रैली को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने पूर्व की हुड्डा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हुड्डा की 3डी सरकार थी, जिसमें दरबारी थे, दामाद थे और डीलर थे लेकिन विकास करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनी और मनोहर लाल खट्टर उसके मुख्यमंत्री बने। ये एलिवेटेड रेलवे ट्रैक आने वाले दिनों में भारत के शहरी विकास के क्षेत्र में एक सीमा चिन्ह बनने वाला है, जहां लंबाई कम है, फाटक ज्यादा हैं, इसके लिए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक एक नजीर बनने वाला है। मैं हरियाणा को सबसे बड़ी बधाई देना चाहता हूं कि यहां बेटियों की संख्या 1000 पर 817 थी, लिंग अनुपात बहुत गिरा हुआ था। पीएम मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरुआत हरियाणा से की और बेटियों का अनुपात 817 से बढ़कर 913 हो गई। गुरुग्राम को सबसे बड़ा उद्योग का एक हब बनाने का काम हरियाणा सरकार ने किया है।

## पांच से नौ नवंबर तक हिमाचल में रैलियां करेंगे पीएम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



शिमला। भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में पांच से नौ नवंबर तक पार्टी की चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी में रैलियों को संबोधित करेंगे।

कश्यप ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अनुराग ठाकुर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्मृति ईरानी, पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा और कई अन्य प्रमुख नेता भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। राज्य की 68 सीट वाली विधान सभा के लिए मतदान 12 नवंबर को होना है। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## सूचना

विनय कुमार मिश्रा पुत्र शिव वचन मिश्रा एक फ्लैट नं0-1 (प्रथम तल) स्थित ओम प्लाजा समी उद्दीनपुर वार्ड मैथलीशरण गुप्त, लखनऊ क्षेत्रफल- 89.802 वर्ग मीटर को पूर्व स्वामी राकेश कुमार सिंह पुत्र हृदय नारायण सिंह से क्रय किया है एवं राकेश कुमार सिंह ने उपरोक्त फ्लैट मनीष महरोत्रा पुत्र स्व. राकेश महरोत्रा से क्रय किया है। जो पुस्तक संख्या-1 खण्ड - 9190 पेज-235 से 278 क्रमांक - 3939 उप-निबन्धक तृतीय लखनऊ दिनांक- 28.05.2012 को निबंधित है। उक्त मूल विक्रय विलेख गुम हो गया है। अब उपरोक्त फ्लैट को वर्तमान स्वामी, अमिता सिंह पत्नी योगेन्द्र सिंह निवासिनी चैनापुर, चनापुर, गोण्डा, उत्तर प्रदेश को विक्रय कर रहे हैं एवं क्रेता आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से गृह ऋण ले रही है। यदि किसी व्यक्ति को कोई अपत्ति हो तो 07 दिन के अन्दर निम्न से सम्पर्क करें।

\- मृगेंद्र बहादुर सिंह
अधिवक्ता आधार हाउसिंग
फाइनेंस लिमिटेड
मो0 -9415542801, 6394317537
आफि स/निवास- ईडब्लूएस-209 - 210 सेक्टर-जी, जानकीपुरम, लखनऊ।

## सूचना

सुबुही सागर सिद्दीकी पत्नी सागर रशीद सिद्दीकी एक किता मकान निर्मित प्लाट नं0 - 111-ए, खसरा नं0 - 219, 289, 290, 292 रामनगर वार्ड गढ़ी पीरखान, लखनऊ क्षेत्रफल - 128.252 वर्ग मीटर को उजमा बानो पत्नी उमर अली से क्रय किया है एवं उजमा बानो ने इश्तियाक अहमद पुत्र श्री हाजी मुमताज अहमद से क्रय किया है। जो पुस्तक सं0 -1 खण्ड - 6216 पेज - 255 से 282 क्रमांक - 12083 उप-निबन्धक प्रथम लखनऊ दिनांक- 11.11.2010 को निबंधित है एवं इश्तियाक अहमद ने उपरोक्त को राजाराम एवं रामस्वरूप पुत्रगण परागीलाल से क्रय किया है। जो पुस्तक सं0 -1 खण्ड - 5339 पेज - 151 से 180 क्रमांक - 11362 उप-निबन्धक प्रथम लखनऊ दिनांक- 05.12.2009 को निबंधित है। उपरोक्त दोनो मूल्य विक्रय अभिलेख गुम हो गये हैं एवं वर्तमान स्वामिनी, सुबुही सागर सिद्दीकी पत्नी सागर रशीद सिद्दीकी आईसीआईसीआई, एचएफसी शाखा लखनऊ से गृहऋण ले रही है। यदि किसी व्यक्ति को कोई अपत्ति हो तो 07 दिन के अन्दर निम्न से सम्पर्क करें।

\- मृगेंद्र बहादुर सिंह
अधिकृत अधिवक्ता
मो0 -9415542801, 6394317537
आफि स/निवास- ईडब्लूएस-209 - 210 सेक्टर-जी, जानकीपुरम, लखनऊ।

# गुजरात में भाजपा को घेरेंगे गहलोत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज से चार दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। सीएम गहलोत कांग्रेस के लिए धुंआधार जनसभाएं करेंगे। 31 अक्टूबर को सीएम गहलोत बनासकांठा पहुंचेंगे, जहां राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल होंगे। वे गुजरात में 6 जनसभाएं करेंगे। उल्लेखनीय है कि सीएम गहलोत गुजरात विधान सभा चुनाव में विशेष पर्यवेक्षक लगाए गए है। सीएम गहलोत इससे पहले भी अहमदाबाद का दौरा कर जनसभाएं कर चुके हैं।

गुजरात दौरे के आखिरी दिन गहलोत 31 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे आबू रोड से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर गुजरात के बनासकांठा पहुंचेंगे जहां वह भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल होकर पैदल मार्च करेंगे। जानकारी के मुताबिक गहलोत दो घंटे पदयात्रा में रहेंगे। इसके बाद उनका जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

## नीतीश और लालू पर राजभर का हमला, कहा

# जाति गणना के नाम पर पिछड़ों को कर रहे भ्रमित

» बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे रही है सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अपने 20वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को गांधी मैदान में सावधान महारैली का आयोजन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि लालू यादव और नीतीश कुमार एक सिक्के के दो पहलू हैं। अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समाज को जाति आधारित गणना के नाम पर लालू यादव और नीतीश कुमार मिलकर भ्रमित कर रहे हैं। अपनी जाति की वास्तविक संख्या पता चलने के कारण जाति आधारित गणना नहीं कराएंगे।

राजभर ने कहा कि बिहार में सिर्फ माफिया का विकास हुआ है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सबसे बड़ा मुद्दा राज्य में पिछड़े, शोषित, वंचित समाज को वाजिब हक दिलाने का है। बिहार विकास से दूर है। सत्ता में बैठे लोग विकास की बात करते हैं। पार्टी मजबूती के साथ लोकसभा और विधान सभा का चुनाव लड़ेगी और गरीबों को हक दिलाएगी। उन्होंने कहा कि युवक-युवती नौकरी से वंचित हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौकरी देने की घोषणा की हैं। बेरोजगारों को नौकरी क्यों नहीं दी जा रही है। इसके पहले ओमप्रकाश राजभर ने वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से उनके आवास पर मुलाकात की।



# यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं पर जोरदार तमाचा, दुष्कर्म पीड़िताओं से जांच के नाम पर मंगाई जा रही किट

- लखीमपुर खीरी से जुड़ा है ताजा मामला
- बरामद गुमशुदा किशोरी को जांच के लिए लाया गया था निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- ग्राम प्रधान ने 650 रुपए में खरीदकर उपलब्ध कराई किट
- समाजसेवी अधिवक्ता ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से शिकायत कर हकीकत से कराया रूबरू

चेतन गुप्ता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगातार प्रयासरत है। स्वास्थ्य महकमे का जिम्मा संभाल रहे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगातार अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो या फिर तबादलों में गड़बड़ी का मामला, बृजेश पाठक मुखर रहे। इन सब के चलते जहां एक तरफ सरकार की किरकिरी भी हुई वहीं बृजेश पाठक की मजबूत छवि भी निखर कर सामने आई। लेकिन इन सबके बीच प्रदेश सरकार के मुंह पर बेहतर स्वास्थ सेवाओं के नाम पर एक जोरदार तमाचा लगा है जिसकी गूंज डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तक पहुंच गई है।

ताजा मामला जनपद लखीमपुर खीरी से जुड़ा हुआ है। ग्राम बौधियां कलां तहसील निघासन जनपद खीरी के मजरा कोदी बाबा की एक किशोरी जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 27 मार्च को थाना निघासन में लिखाई गई थी। हाल फिलहाल उसकी बरामदगी होने के बाद जिस व्यक्ति के साथ वह किशोरी पाई गई थी, उसको जेल भेज दिया गया और निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किशोरी को जांच के लिए लाया गया। किशोरी के परिवार से अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा जांच किट की मांग की गई। बेहद गरीब होने के कारण किट खरीदने में जब परिवार ने असमर्थता जताई तो उस गांव को गोद लेने वाले लखनऊ कैसरबाग निवासी समाजसेवी और पेशे से अधिवक्ता सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी ने अपने परिचित ग्राम प्रधान सैय्यद मकसूद अली के जरिए 21 अक्टूबर को 650 रुपए में किट को खरीदवा कर अस्पताल कर्मियों को दी, तब जाकर किशोरी की जांच हो पाई। इस घटनाक्रम से आहत अधिवक्ता ने जब स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों व अधिकारियों के अलावा मौजूद पुलिसकर्मियों से जानकारी ली तो उनके संज्ञान में आया कि यह हाल किसी एक अस्पताल नहीं बल्कि पूरे जिले का है। उनके द्वारा जानकारी करने पर लगभग यही तस्वीर पूरे प्रदेश की भी उभरकर सामने आई कि पीड़ित परिवार या फिर लावारिस होने की दशा में भुक्त भोगी महिला/किशोरी के लिए पुलिस कर्मी आपस में चंदा करके ऐसी जांच किट की व्यवस्था करते हैं।



सामाजिक सरोकार से जुड़े इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ता ने इस पूरे घटनाक्रम से डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को अवगत कराया और उनसे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने शासन-सत्ता तक शिकायती पत्र भेजकर स्वास्थ्य महकमे के आला अफसरों से बलात्कार पीड़िताओं के लिए मुकम्मल व्यवस्था कराने की मांग की।

इस मामले में लखीमपुर खीरी के स्वास्थ्य महकमे के अफसरों का कहना है कि इस तरह की कोई किट नहीं होती है। जांच के लिए जो नमूने भेजे जाते हैं, उसके लिए जो फ्लास्क होता है उसकी सरकारी स्तर पर सप्लाई नहीं है। शासन सत्ता में बैठे लोग इन सब चीजों से अवगत है।

> **इस तरह की कोई जांच किट नहीं होती है। बलात्कार पीड़िताओं या फिर संदिग्ध मामलों में जांच के लिए मरीज का स्वैब एकत्रित किया जाता है जिसके लिए फ्लास्क की आवश्यकता होती है। शासन में बैठे अफसर सच्चाई से वाकिफ है। इस मामले में मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा। शिकायत संज्ञान में आई है, मैंने अपना जवाब लिखकर भेज दिया है। अभी मैं डीएम की मीटिंग में हूं, विस्तार से बात नहीं कर सकता।**
>
> डॉ. अरुणेन्द्र त्रिपाठी, सीएमओ, लखीमपुर खीरी



> **बलात्कार के तमाम मामलों में पीड़ित परिवार लोक लाज के भय से सामने नहीं आते हैं। कुछ ही मामले पुलिस थानों में दर्ज होते हैं। पीड़ित परिवार पर इस तरह का जांच के नाम पर आर्थिक बोझ डालना अपने आप में शर्मनाक है। सूबे के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे डिप्टी सीएम से अनुरोध है कि मामले को की गंभीरता को देखते हुए यथाशीघ्र किट की व्यवस्था पूरे सूबे में सुनिश्चित कराएं।**
>
> सैय्यद मोहम्मद हैदर रिजवी, शिकायतकर्ता अधिवक्ता

## कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

4पीएम न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ। बाराबंकी में भाई को टीका लगाकर उसको आशीर्वाद देने की बहन की कामना पूरी न हो सकी। टीका करते समय घर की कच्ची दीवार ढह जाने से बहन की मौत हो गई। वहीं सुबेहा में दीवार गिराने से दो बच्चों की मौत हो गई।**

- बाराबंकी के सुबेहा में हादसा, इलाज के दौरान हुई तीनों की मौत

पहला हादसा गुरुवार देर रात धरमपुर मजरे मोहनपुर में हुआ। यहां के निवासी प्रताप बली रावत की पुत्रियां बेहटा चक के बैरागीपुर निवासी 30 वर्षीय साविता पत्नी राम प्रवेश और बख्शी का तालाब निवासी 25 वर्षीय गायत्री पत्नी अर्जुन मायके आई थीं। पिता के घर आने पर सभी बहनें और दामाद प्रसन्न थे। चारों ओर त्योहार की खुशियां बिखरी थीं। रात करीब नौ बजे बहनें अपने भाइयों का टीका करने जा रही थीं कि तभी कच्ची ईंटों से बनी दीवार भरभरा कर ढह गई। सभी लोग उसके नीचे दब गए। क्षण भर में त्योहार की खुशियां चीख पुकार में बदल गईं। ग्रामीणों ने आनन -फानन सबको बाहर निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए। गंभीर रूप से घायल सविता को लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। राम प्रवेश, गायत्री, अर्जुन और एक अन्य घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सविता की मौत से घर और पास-पड़ोस में मातम पसरा था। एसओ पंकज सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। लेखपाल धर्मानंद पांडेय ने पीड़ित परिवार को मदद दिलाने की बात कही है। उधर, सुबेहा थाना क्षेत्र भभूतगढ़ी मजरे मंगौवा में बुधई अपने बच्चों के साथ घर के ऊपर रखे छप्पर के नीचे सो रहे थे। बुधई शुक्रवार सुबह शौच के लिए चले गए। लौटे तो देखा कि दीवार ढह गई है। दीवार के नीचे चार वर्षीय नैना व छह वर्षीय रवि दब गए।

## कश्मीरियों की दुर्दशा पर श्वेत पत्र जारी करे मोदी सरकार: खेड़ा

4पीएम न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने मोदी सरकार से उसके आठ साल के कार्यकाल के दौरान कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग भी की।**

विपक्षी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की टारगेट किलिंग पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उससे माफी मांगने को कहा। कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 80 लोगों की हत्या हो चुकी है। हाल के दिनों में आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों की चुन-चुन कर हत्या की है। इससे डरकर शोपियां जिले के चौधरीकुंड गांव से 10 कश्मीरी पंडित परिवार पलायन कर जम्मू चला गया है और घाटी लौटने से इन्कार कर दिया है। 15 अक्टूबर को गांव में कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि जिला प्रशासन ने कश्मीरी पंडित ने पलायन से इनकार किया है।



## साफ-सफाई में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : ऊर्जा मंत्री

4पीएम न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ। मच्छर जनित बीमारियों, डेंगू, चिकनगुनिया और संचारी रोगों का फैलाव रोकने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर निकायों को विशेष सतर्कता के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि लापरवाही पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**

**नगर विकास मंत्री का निर्देश, डेंगू रोकने के लिए युद्धस्तर पर काम करें**

उन्होंने एंटी लार्वा का छिड़काव और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग का अभियान चलाने को कहा। शर्मा ने कहा कि छठ पर्व को देखते हुए नदी के घाटों समेत अन्य पूजा स्थलों के आसपास दो पालियों में लगातार साफ-सफाई कराने के अलावा सड़कों को गड्ढामुक्त करने, मार्ग प्रकाश, पेयजल और शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। नदियों एवं पूजा स्थलों पर फूल, माला अन्य पूजा सामग्री के जल में प्रवाह को रोकने के लिए जलधारा में ही अर्पण कलश बनाने के निर्देश दिए। घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाने का कहा। नगर विकास मंत्री ने निकाय के अधिकारियों के साथ साफ-सफाई और संचारी रोगों को लेकर की गई तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा की।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।